# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20-10-25 | 4 | 3-4 |

# वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में श्रुति कुंडू व अंतिम ने जीता कांस्य पदक




अंतिम पंघाल, श्रुति कुंडू के साथ कुलपति प्रो. बीआर कांबोज व अन्य। स्रोत : विवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है।

दोनों खिलाड़ियों के हिसार पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज से मुलाकात की। प्रो. कांबोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। श्रुति कुंडू ने जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप जो बुलगारिया में आयोजित की गई।

उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर साई के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, साई के रेसलिंग कोच राजेश नांदल, जेएसडब्ल्यू के रेसलिंग कोच सिया नंद दहिया और सहायक राजेश कौशिक भी मौजूद थे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20-10-25 | 5 | 7-8 |

# अंतिम पंघाल व श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य




कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कांस्य पदक विजेता व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाडियों ने हिसार पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की।

प्रो. काम्बोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई दी। सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बता दें कि अंतिम पंघाल ने गत वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। श्रुति कुंडू ने जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो बुलगारिया में आयोजित की गई। उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलो फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर साई के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, कोच राजेश नांदल मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-10-25 | 4 | 4-5 |

# पदक जीतकर लौटी पहलवान अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू कुलपति प्रो. काम्बोज से मिलीं



हिसार | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण साई की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है।

दोनों खिलाड़ियों ने हिसार पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की। प्रो. बीआर काम्बोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई दी। सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। श्रुति कुंडू ने जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो बुल्गारिया में आयोजित की गई, उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर उनके साथ साई, हिसार के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, साई के रेसलिंग कोच राजेश नांदल, जेएसडब्ल्यू के रेसलिंग कोच सिया नंद दहिया व सहायक राजेश कौशिक भी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20.10.25 | 8 | 1 |

## अंतिम पंघाल व श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में जीते पदक

हिसार, 19 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वर्ल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है।

दोनों खिलाड़ियों ने हिसार पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। प्रो. काम्बोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

गौरतलब है कि अंतिम पंघाल ने गत वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। श्रुति कुंडू ने जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो बुलगारिया में आयोजित की गई। उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर उनके साथ साई, हिसार के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, साई के रेसलिंग कोच राजेश नांदल, जेएसडब्ल्यू के रेसलिंग कोच सिया नंद दहिया व सहायक राजेश कौशिक भी मौजूद थे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ कांस्य पदक विजेता व अन्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 20-10-25 | 16 | 2-5 |

# वर्ल्ड रेसलिंग में कांस्य पदक जीतकर अंतिम व श्रुति ने किया नाम रोशन : प्रो. काम्बोज

- वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप क्रोशिया में आयोजित की गई
- कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कांस्य पदक विजेता व अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाडियों ने यहां पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की।

प्रो. काम्बोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीनियर वल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

गौरतलब है कि अंतिम पंघाल ने गत वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। श्रुति कुंडू ने जूनियर वल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो बुलगारिया में आयोजित की गई। उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर उनके साथ साई, हिसार के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, साई के रेसलिंग कोच राजेश नांदल, जेएसडब्ल्यू के रेसलिंग कोच सिया नंद दहिया व सहायक राजेश कौशिक भी मौजूद थे।